भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *297
उत्तर देने की तारीख 19.03.2026

तेलंगाना में राष्ट्रीय संस्कृति कोष (एनसीएफ) के अंतर्गत परियोजनाएं

***297. श्री एस. निरंजन रेड्डी :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान तेलंगाना में राष्ट्रीय संस्कृति कोष (एनसीएफ) के अंतर्गत संस्वीकृत सांस्कृतिक और विरासत संरक्षण परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और
(ख) राज्य में, विशेष रूप से वारंगल-हनमकोंडा, हैदराबाद और मंदिर/किले के परिसरों जैसे विरासत समूहों/क्षेत्रों में, ऐतिहासिक स्मारकों, लोक कला, लोक संगीत और पारंपरिक विरासत के संरक्षण के लिए किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

'तेलंगाना में राष्ट्रीय संस्कृति कोष (एनसीएफ) के अंतर्गत परियोजनाएं' के संबंध में दिनांक 19.03.2026 को माननीय संसद सदस्य श्री एस. निरंजन रेड्डी द्वारा पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *297 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क): विगत तीन वर्षों के दौरान, तेलंगाना राज्य में राष्ट्रीय संस्कृति निधि के अंतर्गत एक परियोजना को निम्नानुसार सहायता प्रदान की गई है:

क्र. सं.	राज्य	परियोजना का नाम	दानकर्ता	कार्यान्वयन एजेंसी	प्रयुक्त राशि (लाख रुपए में)
1.	तेलंगाना	राष्ट्रपति निलयम में 120 फीट ऊंचे ध्वजस्तंभ की प्रतिकृति लगाना	इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (आईआईएफसीएल)	एएसआई/एनबीसीसी	275.00

(ख): संस्कृति मंत्रालय अपने विभिन्न संगठनों के माध्यम से तेलंगाना सहित देश भर में ऐतिहासिक स्मारकों, लोक कला, लोक संगीत और पारंपरिक विरासत के संरक्षण का कार्य करता है जिसका विवरण निम्नलिखित है:

(i) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा राष्ट्रीय संरक्षण नीति का अनुपालन करते हुए आवश्यकता और निधियों की उपलब्धता के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा संरक्षित स्मारकों के परिरक्षण और संरक्षण का कार्य किया जाता है। एएसआई हैदराबाद परिमंडल द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान किए गए परिरक्षण और संरक्षण कार्यों की प्रकृति का विवरण **अनुलग्नक-I** पर है।

(ii) संगीत नाटक अकादमी द्वारा विगत तीन वर्षों में तेलंगाना राज्य में निम्नलिखित महोत्सवों का आयोजन किया गया:

- **कला धरोहर-** चलकुर्थी कैंप, नालगोंडा में संत मीरा बाई की थीम पर केन्द्रित
- **चिन्दु यक्षगानोत्सव-** करीमनगर, तेलंगाना में तेलंगाना के लोक रंगमंच का उत्सव।

इसके अतिरिक्त, संगीत नाटक अकादमी द्वारा "कला दीक्षा" (गुरु शिष्य परंपरा) स्कीम के अंतर्गत तेलंगाना के लुप्तप्राय पारंपरिक, लोक और जनजातीय मंच कला रूपों में निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए हैं:

- जनगांव, तेलंगाना में गुरु श्री गद्दाम श्रीनिवास के मार्गदर्शन में **चिंदु यक्षगान**।
- मल्कागिरि, तेलंगाना में गुरु श्री पुली यादगिरी के मार्गदर्शन में **बैंदला कथा**।

(iii) भारत सरकार द्वारा तंजावुर में दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एसजेडसीसी) और नागपुर में दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एससीजेडसीसी) की स्थापना की गई है जिसका उद्देश्य इनके सदस्य राज्यों की लोक कला और संस्कृति के विभिन्न रूपों का संरक्षण और संवर्धन करना है। तेलंगाना इन क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों का सदस्य राज्य है और वे नियमित रूप से तेलंगाना सहित अपने सदस्य राज्यों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकलापों और कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं, जिसके लिए उन्हें वार्षिक सहायता अनुदान प्रदान किया जाता है। विगत तीन वर्षों के दौरान तेलंगाना राज्य में एसजेडसीसी और एससीजेडसीसी द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यकलापों और कार्यक्रमों का विवरण **अनुलग्नक-II** पर है।

(iv) संस्कृति मंत्रालय के अधीन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) तेलंगाना सहित पूरे देश में मुख्य रूप से भारत की मूर्त और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत से संबंधित अनुसंधान, प्रलेखन, प्रसार और क्षमता निर्माण का कार्य करता है।

अनुलग्नक-I

'तेलंगाना में राष्ट्रीय संस्कृति कोष (एनसीएफ) के अंतर्गत परियोजनाएं' के संबंध में दिनांक 16.03.2026 को पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *297 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

विगत तीन वर्षों के दौरान एएसआई हैदराबाद परिमंडल द्वारा किए गए संरक्षण और परिरक्षण कार्यों की प्रकृति का विवरण।

2025-26

क्र. सं.	कार्य का नाम	व्यय
1.	चारमीनार, हैदराबाद के दक्षिण भाग की बाहरी सतह का संरक्षण एमडब्ल्यू (सी)	18,79,336/- रुपए
2.	गोलकोंडा किला, हैदराबाद के कटोरा हौज की (पश्चिमी दिशा की) गिरी हुई दीवार का जीर्णोद्धार एमडब्ल्यू (एसआर)	16,41,754/- रुपए
3.	गोलकोंडा किला, हैदराबाद में 'किंग्स वे' की सीढ़ियों और उसके आस-पास के किले की दीवार के भाग का जीर्णोद्धार और प्रबलीकरण कार्य एमडब्ल्यू (एसआर)	27,74,462/- रुपए
4.	गोलकोंडा किला, हैदराबाद में जगदम्बिका अम्मावारु मंदिर के सामने स्थित बुर्ज और आस-पास की संरचनाओं का जीर्णोद्धार और प्रबलीकरण कार्य एमडब्ल्यू (एसआर)	35,83,122/- रुपए
5.	रामप्पा मंदिर, पालमपेट के उत्तर-पूर्व में प्राकार दीवार के टूटे हुए भाग का जीर्णोद्धार एमडब्ल्यू (एसआर)	62,33,230/- रुपए
6.	रामप्पा मंदिर परिसर, पालमपेट में कामेश्वरालयम का पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार एमडब्ल्यू (एसआर)	2,23,10,532/- रुपए
7.	गोलकोंडा किला, हैदराबाद के बालाहिसार परिसर में सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था एमडब्ल्यू (एसआर)	10,65,030/- रुपए
8.	आलमपुर स्थित मंदिरों के समूह (अर्क ब्रह्म मंदिर) का संरक्षण	18,74,333/- रुपए
9.	हजार स्तंभ मंदिर (थौजेंड पिलर टेम्पल), हनमकोंडा के कल्याण मंडपम का शेष जीर्णोद्धार कार्य एमडब्ल्यू (एसआर)	45,28,963/- रुपए
10.	हजार स्तंभ मंदिर, हनमकोंडा के कल्याण मंडप के दक्षिणी भाग के टूटे और क्षतिग्रस्त भाग का जीर्णोद्धार एमसी और ईडब्ल्यू	19,39,446/- रुपए

11.	रामप्पा मंदिर, पालमपेट का संरक्षण और लघु संरचनात्मक मरम्मत	2,47,866/- रुपए
12.	वारंगल किला, वारंगल स्थित स्वयंभू मंदिर परिसर के अंदर वर्षा जल निकासी की व्यवस्था एमडब्ल्यू (एसआर)	28,91,275/- रुपए
13.	वारंगल किला, वारंगल में स्थित नेला शंभुनी मंदिर की मरम्मत और संरक्षण कार्य एमडब्ल्यू (एसआर)	20,53,429/- रुपए
14.	वारंगल किले की पत्थर की दीवारों की मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्य एमडब्ल्यू (एसआर)	6,41,750/- रुपए

2024-25

क्र. सं.	कार्य का नाम	व्यय (रुपए में)
1	पालमपेट में स्थित रामप्पा मंदिर का संरक्षण और लघु संरचनात्मक मरम्मत	3,99,850/-
2	पालमपेट में स्थित रामप्पा मंदिर परिसर में कामेश्वरालय का पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार	27,54,923/-
3	पालमपेट में स्थित रामप्पा मंदिर में कामेश्वरालयम का जीर्णोद्धार (भू-तकनीकी जांच)	10,45,000/-
4	हनमकोंडा में स्थित हजार स्तंभ मंदिर में लाइटनिंग कंडक्टर स्थापित करना	4,97,320/-
5	हनमकोंडा में स्थित हजार स्तंभ मंदिर के कल्याण मंडपम का जीर्णोद्धार और शेष कार्य	94,22,568/-
6	वारंगल किला, वारंगल में स्थित नेला शंभुनी मंदिर की मरम्मत और संरक्षण कार्य	13,11,660/-
7	वारंगल किला, वारंगल में स्थित वेंकटेश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार और संरक्षण कार्य	2,40,000/-
8	वारंगल किला, वारंगल में पत्थर के किले की दीवारों की मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्य	20,01,600/-
9	वारंगल किला, वारंगल स्थित स्वयंभू मंदिर परिसर के अंदर वर्षा जल निकासी की व्यवस्था करना	28,91,475/-
10	गोलकोंडा किला, हैदराबाद में 'किंग्स वे' की सीढ़ियों और उसके आस-पास के किले की दीवार के भाग का जीर्णोद्धार और	13,58,713/-

	प्रबलीकरण कार्य	
11	गोलकोंडा किला, हैदराबाद में जगदम्बिका अम्मावारु मंदिर के सामने स्थित बुर्ज और आस-पास की संरचनाओं का जीर्णोद्धार और प्रबलीकरण कार्य	27,88,492/- रुपए
12	गोलकोंडा किला, हैदराबाद के कटोरा हौज की (पश्चिमी दिशा की) गिरी हुई दीवार का जीर्णोद्धार	16,41,754/- रुपए
13	गोलकोंडा किला, हैदराबाद के मोती दरवाजे की टूटी हुई संरचनाओं और किलेबंदी की दीवार की मरम्मत और जीर्णोद्धार	15,38,300/- रुपए
14	आलमपुर में स्थित मंदिरों के समूह का संरक्षण (बाल ब्रह्म मंदिर की संरचनात्मक मरम्मत)	42,64,827/- रुपए
15	आलमपुर में स्थित बाल ब्रह्म मंदिर के भीतर विद्युत मरम्मत	16,00,882/- रुपए
16	आलमपुर में स्थित मंदिरों का समूह (वीरब्रह्म और विश्वब्रह्म मंदिरों का जीर्णोद्धार कार्य)	8,35,532/- रुपए
17	आलमपुर में स्थित मंदिरों के समूह (अर्क ब्रह्म) का संरक्षण	18,74,333/- रुपए
18	चारमीनार, हैदराबाद की बाहरी सतह के दक्षिणी भाग का संरक्षण	14,33,371/- रुपए

2023-24

क्र. सं.	**कार्य का नाम**	**व्यय (रुपए में)**
1	हनमकोंडा स्थित हजार स्तंभ मंदिर के सीढ़ीदार कुएं (कोनेरू) का जीर्णोद्धार और संरक्षण कार्य	11,10,920/
2	आलमपुर स्थित मंदिरों का समूह (वीरब्रह्म और विश्वब्रह्म मंदिरों का जीर्णोद्धार कार्य)	13,45,994/-
3	गोलकोंडा किला, हैदराबाद के मोती दरवाजे की टूटी हुई संरचनाओं और किलेबंदी की दीवार की मरम्मत और जीर्णोद्धार	31,74,586/-
4	गोलकोंडा किला, हैदराबाद में अंबर खाना और रामदास जेल के आस-पास स्थित दरार वाली/बाहर की ओर झुकी हुई बुर्ज की मरम्मत और प्रबलीकरण कार्य	81,630/-
5	गोलकोंडा किला, हैदराबाद के बालाहिसार क्षेत्र में सिलाहखाना और अन्य संरचनाओं की रिसती हुई छतों को जलरोधी बनाना	72,342/-
6	हनमकोंडा स्थित हजार स्तंभ मंदिर के कल्याण मंडपम का जीर्णोद्धार और शेष कार्य	1,36,79,478/-
7	गोलकोंडा किला, हैदराबाद के कटोरा हौज की (पश्चिमी दिशा	51,20,388/-

	की) टूटी हुई दीवार का जीर्णोद्धार	
8	गोलकोंडा किला, हैदराबाद में 'किंग्स वे' की सीढ़ियों और उसके आस-पास के किले की दीवार के भाग का जीर्णोद्धार और प्रबलीकरण कार्य	44,65,096/-
9	गोलकोंडा किला, हैदराबाद में जगदम्बिका अम्मावारु मंदिर के सामने स्थित बुर्ज और आस-पास की संरचनाओं का जीर्णोद्धार और सुदृढ़ीकरण कार्य	500/-
10	गोलकोंडा किला, हैदराबाद में उत्खनन क्षेत्र के समीप और लेडीज बॉडी गार्ड क्षेत्र के निकट ड्रेसिंग हॉल और गुंबद वाले भाग की जर्जर चिनाई वाली दीवारों की मरम्मत और प्रबलीकरण	27,73,405/-
11	गोलकोंडा किले के प्रवेश द्वारों को जलरोधी बनाने सहित बाहरी किलेबंदी की दीवारों की मरम्मत और प्रबलीकरण कार्य	61,55,469/-
12	आलमपुर में स्थित मंदिरों का समूह (तारकब्रह्म मंदिर की मरम्मत और किलेबंदी की टूटी हुई दीवार की मरम्मत)	1000/-
13	रामप्पा मंदिर, पालमपेट के उत्तर-पूर्व में प्राकार दीवार के टूटे भाग का जीर्णोद्धार	9,59,317/-
14	रामप्पा मंदिर (विश्व धरोहर स्मारक), पालमपेट में लाइटनिंग कंडक्टर की व्यवस्था करना	32,65,460/-
15	वारंगल किला, वारंगल में पत्थर की दीवार की मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्य	22,52,250/-
16	हनमकोंडा स्थित हजार स्तंभ मंदिर में लाइटनिंग कंडक्टर लगाना	8,05,855/-
17	वारंगल किला स्थित नेलाशंभुनी मंदिर की मरम्मत और संरक्षण कार्य	19,67,925/-
18	वारंगल किला की पत्थर के किले की उत्तर-पश्चिमी दिशा की दीवार की सतह का जीर्णोद्धार और संरक्षण कार्य	15,36,596/-
19	रामप्पा मंदिर, पालमपेट में कामेश्वरालयम का पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार	2,714/-
20	रामप्पा मंदिर, पालमपेट की दक्षिणी दिशा में प्राकार दीवार के बाहर की ओर झुके हुए भाग को हटाना और उसे पुनः स्थापित करना	22,04,730/-
21	रामप्पा मंदिर, पालमपेट का संरक्षण और लघु संरचनात्मक	1,18,678/-

	मरम्मत	
22	वारंगल किला स्थित स्वयंभू मंदिर परिसर के भीतर वर्षा जल निकासी की व्यवस्था	4,90,767/-
23	नया किला, गोलकोंडा किला, हैदराबाद में मजनू बुर्ज के जर्जर (दक्षिणी भाग) भाग को हटाना और उसका जीर्णोद्धार	22,18,265/-
24	नया किला, गोलकोंडा किला, हैदराबाद में प्राचीन टैंक की मरम्मत, गाद निकालना (डी-सिल्टिंग), मार्गों, टैंकों और नालियों का जीर्णोद्धार	450/-
25	वारंगल किला, वारंगल में स्थित कुश महल की मरम्मत और उसका जलरोधन	28,40,951/-
26	आलमपुर में स्थित पद्म ब्रह्म मंदिर की संरचनात्मक मरम्मत	39,62,265/-
27	आलमपुर में स्थित पापनाशी मंदिर की संरचनात्मक मरम्मत	22,65,450/-
28	आलमपुर में स्थित स्वर्ग ब्रह्म मंदिर की संरचनात्मक मरम्मत	46,67,095/-
29	आलमपुर में स्थित गरुड़ ब्रह्म मंदिर की संरचनात्मक मरम्मत	48,60,279/-
30	वारंगल किला, वारंगल में स्थित वेंकटेश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार और संरक्षण कार्य	32,36,769/-
31	चारमीनार, हैदराबाद के दक्षिणी भाग की बाहरी सतह का संरक्षण	12,13,680/-
33	आलमपुर में स्थित मंदिरों के समूह का संरक्षण (बाल ब्रह्म मंदिर की संरचनात्मक मरम्मत)	14,23,450/-
34	आलमपुर में स्थित मंदिरों के समूह (अर्क ब्रह्म) का संरक्षण	950/-

अनुलग्नक-II

'तेलंगाना में राष्ट्रीय संस्कृति कोष (एनसीएफ) के अंतर्गत परियोजनाएं' के संबंध में दिनांक 16.03.2026 को पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *297 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

विगत तीन वर्षों में तेलंगाना राज्य में एसजेडसीसी और एससीजेडसीसी द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यकलापों और कार्यक्रमों का विवरण

- **दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एसजेडसीसी), तंजावुर :**

क्र. सं.	वर्ष	आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों/उत्सवों/कार्यकलापों के नाम	भाग लेने वाले कलाकारों की संख्या
i.	2022-23	हैदराबाद मुक्ति दिवस	1330
		चेरियल मुखौटा पर कार्यशाला	28
		5वां अंतरराष्ट्रीय तेलुगु कवि सम्मिलन	01
		माननीय राष्ट्रपति का वीवीआईपी दौरा	13
		भारत महार आरती	43
ii.	2023-24	जी20- स्वागत व्यवस्था	46
		मेरी माटी मेरा देश	73
		विश्व लोक साहित्य दिवस समारोह	25
		हैदराबाद मुक्ति दिवस – राष्ट्रपति निलयम	136
		अखिल भारतीय शिल्प मेला	66
		भारत माता महा आरती समारोह	37
		अखिल भारतीय शिल्प मेला - शिल्परामम	15
		नेशनल कल्चरल फेस्टिवल– राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव	74
		हैदराबाद मुक्ति दिवस – परेड ग्राउंड	926
iii.	2024-25	कथकली और कूडियाट्टम पर व्याख्यान-सह-प्रदर्शन	33
		कुचिपुड़ी पर व्याख्यान-सह-प्रदर्शन	02
		अखिल भारतीय शिल्प मेला	45
		संक्रांति संबारुलु	26
		हैदराबाद मुक्ति दिवस 2024	770

➢ **दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एससीजेडसीसी), नागपुर:**

क्र. सं.	वर्ष	आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों/उत्सवों/कार्यकलापों के नाम	भाग लेने वाले कलाकारों की संख्या
i.	2022-23	गुरु शिष्य परम्परा (ओग्गू कथा)	327
		8वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस	
		सावन आयो	
		लोक नृत्य भारत भारती	
		आषाढ़ लहरी	
		नरहर कुरंदरकर	
ii.	2023-24	तेलंगाना स्थापना दिवस "किला और कहानियाँ "	616
		अखिल भारतीय शिल्प मेला – 2023	
		संस्कृति महोत्सव के दौरान चित्रकला शिविर	
		राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव के दौरान शास्त्रीय नृत्य	
		राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव के दौरान शिल्प मेला	
		राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव के दौरान लोक और स्थानीय नृत्य (लोक प्रस्तुतियां)	
iii.	2024-25	संभाग स्तरीय महोत्सव	158
		लोक मंथन – 2024	
		वीर बाल दिवस	
		उद्यान उत्सव	
		हर कंठ में भारत	

*****